हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 29 दिसंबर 2023
पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा

तापमान
अधिकतम 18.2 डिग्री
न्यूनतम 9.2 डिग्री

4 नापतौल मशीनों का सत्यापनः पुरानी पर्ची देख रहे सुधारक, निरीक्षक रहते हैं नदारद



स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय सागर (म.प्र.)
प्रवेश प्राप्त करने का अंतिम अवसर
B.Ed D.Ed
नोट: शासकीय तथा अशासकीय टीचर जो जॉब में रहकर Part Time (Distance) B.Ed करने का सुनहरा अवसर
सम्पर्क : ज्ञानदीप एकेडमी अम्बिकापुर
पुराना बस स्टैण्ड के पास
मोबा.- 8839281593, 9174881569

## खबर संक्षेप

### अनियंत्रित बोरवेल मशीन पलटी, युवक गंभीर

**बिहारपुर।** नशे में बोरवेल मशीन ड्राइवर ने ग्राम पंचायत कोल्हुआ के खीरों नदी के किनारे बुधवार को सुबह 10 बजे खाना खाकर आराम कर रहे हैं। इसी दौरान नशे में मशीन स्टार्ट कर बिहारपुर की तरफ जा रही बोरवेल मशीन अनियंत्रित होकर पलट गई। मशीन की चपेट में आने से सिधी के कडार निवासी युवक कैलाश यादव पिता जगीबहोर यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक का इलाज बढ़ने में चल रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि बिहारपुर-रसौकी मार्ग का नवीनीकरण कार्य किया जा रहा है जिसमें साइड शोल्डर जगह-जगह दब रहा है। साइड शोल्डर के दबने के कारण मशीन अनियंत्रित होकर पलट गई।

### बाइक सहित सड़क किनारे गड्ढे में गिरे सवार, एक की मौत

**अम्बिकापुर।** शादी कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे बाइक सवार ग्राम कृष्णनगर कसामार के समीप अनियंत्रित होकर बाइक समेत सड़क किनारे गड्ढा में गिर गए। दुर्घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

## मुख्यमंत्री ने किया सौरभ सागर द्वार का लोकार्पण

# मुख्यमंत्री साय के प्रथम आगमन पर जगह-जगह किया गया भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

विष्णु देव साय के मुख्यमंत्री बनने पश्चात गुरूवार को प्रथम जशपुर आगमन हुआ। उन्होंने शहर के कॉलेज रोड में बस स्टैंड के समीप नवनिर्मित सौरभ सागर द्वार का लोकार्पण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री साय हेलीपैड से खुली गाड़ी में सवार होकर लोगों का अभिवादन स्वीकार करते लोकार्पण स्थल तक पहुंचे।

जशपुर के माटी पुत्र मुख्यमंत्री श्री साय के मुख्यमंत्री बनने पश्चात जशपुर आगमन पर नगरवासियों ने पुष्प वर्षा से उनका स्वागत किया। नगरवासियों ने बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया। इस दौरान ग्राम चड़िया के उरांव समाज के करमा नर्तक दलों द्वारा मांदर की ताल पर सुंदर करमा नृत्य प्रस्तुत कर मुख्यमंत्री का स्वागत किया गया। दीक्षा उपरांत जैन आचार्य सौरभ के 28 वर्षों पश्चात वर्ष 2012 में जशपुर आगमन के समय उनके द्वारा प्रवेश द्वार की नींव रखी गई थी। जैन धर्म के संत सौरभ सागर के नाम पर निर्मित इस प्रवेश द्वार का लोकार्पण जशपुर के माटी पुत्र मुख्यमंत्री श्री साय के हाथों होने पर नगरवासियों में खुशी की लहर छा गई। इस द्वार का निर्माण राजस्थान के लाल पत्थर से हुआ है। नगरपालिका ने पार्षद मद से 8 लाख रूपये की लागत से सौरभ सागर द्वार का निर्माण कराया है। जैन धर्म के संत सौरभ सागर के नाम पर निर्मित इस प्रवेश द्वार का लोकार्पण जशपुर के मुख्यमंत्री के हाथों होने को लेकर भी शहरवासियों में खासा उत्साह देखने को मिला। सौरभ महाराज ने जैन आचार्य बनकर पूरे अंचल को गौरान्वित किया है। उन्होंने जनसेवा को अपने जीवन का ध्येय बनाया है।

### श्री सौरभ सागर का जैन मुनि बनने का सफर

आचार्य सौरभ सागर महाराज (सुरेन्द्र जैन) का जन्म जशपुर के प्रतिष्ठित व्यवसायी श्रीपाल के घर 22 अक्टूबर 1970 को हुआ था। महज साढ़े 12 साल की उम्र में आचार्य श्री 108 पुष्पदंत सागर जी महाराज से दीक्षा लेकर आध्यात्म की दुनिया में प्रवेश कर गए। 10 अप्रैल 2022 को कठिन साधना के बाद द्रोणगिरी में आचार्य पद पर आसिन हुए।



खुली गाड़ी में अभिनंदन स्वीकार करते सीएम साय।

### साय ने जिले को दी लाखों की सौगात

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गुरूवार को जिले में 11099.27 लाख रुपए का सौगात दिया। इसमें कुल 182 लोक कल्याणकारी कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया । जिसमें लोकापर्ण के 53 कार्यों के लिए 3264.93 लाख एवं भूमिपूजन 129 कार्यों के लिए 7834.34 लाख के कार्य शामिल है। इनमें जशपुर विधानसभा में 5698.25 लाख के कुल 45 कार्य, कुनकुरी विधान सभा के 4050.16 लाख के कुल 102 कार्य एवं पत्थलगांव विधानसभा के 1350.86 लाख के कुल 35 कार्य शामिल हैं। लोकार्पण के कार्य में विधानसभा क्षेत्र जशपुर अंतर्गत पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के 06 कार्य, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग जशपुर के 02 कार्य, कृषि विभाग के 3 कार्य, नगरपालिका परिषद जशपुर के 01 कार्य, अक्षय ऊर्जा विभाग के 3 कार्य और लोक निर्माण विभाग के 01 कार्य, वि.या.लाईट मशीनरी नलकूप, गेट उप संभाग अम्बिकापुर के 01 एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के 01 कार्य शामिल है। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र कुनकुरी अंतर्गत पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के 21 कार्य, छ.ग. ग्रामीण ⏭ शेष पेज 4 पर



■ मुख्यमंत्री ने कुल 182 विभिन्न कल्याणकारी कार्यो का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन

### बालाजी मंदिर प्रांगण में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में हुए शामिल



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय नगर प्रवास के दौरान बालाजी मंदिर प्रांगण में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा में शामिल हुए। उन्होंने भगवान बालाजी का आशीर्वाद लेकर कथा में मौजूद लोगों को संबोधित किया। श्रीमद्भागवत कथा में उपस्थित जनों को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि मां चंडी, मां खुड़िया रानी, स्वर्गीय दिलीप सिंह जूदेव के आशीर्वाद से जशपुर के इस बेटे को सीएम के रूप में काम करने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि प्रथम जशपुर आगमन पर बालाजी भगवान, खुड़िया रानी एवं सभी जशपुरवासियों को प्रणाम करता हूं। आपके आशीर्वाद से इतनी बड़ी जिम्मेदारी मिली है। इस पद की जिम्मेदारी अच्छे से निभा पाऊं यह सब आपके आशीर्वाद से ही संपन्न होगा। मुख्यमंत्री ने सभी को प्रणाम करते हुए सभी लोगों का आभार जताया। इस दौरान विधायक श्रीमती रायमुनि भगत एवं श्रीमती गोमती साय, अन्य जनप्रतिनिधिगण सहित भारी संख्या में नागरिकगण मौजूद रहे।

### साय के प्रथम आगमन को लेकर उत्साहित रहे जशपुरवासी



मुख्यंमत्री बनने के बाद अपने गृह जिले में प्रथम आगमन पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का स्थानीय हैलीपेड में हुआ आत्मीय स्वागत किया गया। । पूर्व राज्यसभा सांसद रणविजय सिंह जूदेव ,पूर्व अध्यक्ष खादी ग्रामोद्योग कृष्ण कुमार राय,जशपुर विधायक श्रीमती रायमुनि भगत, पत्थलगांव विधायक श्रीमती गोमती साय, भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील गुप्ता, आईजी सरगुजा अंकित गर्ग, कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डी.रविशंकर सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने पुष्पगुच्छ भेंटकर किया आत्मीय स्वागत।

■ शहर के चौक चौराहों में स्वागत द्वार लगा अभिनंदन को आतुर रहे नागरिक

### मुख्यमंत्री ने किया जूदेव की प्रतिमा पर माल्यार्पण

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गुरूवार को जिला मुख्यालय में रणजीता स्टेडियम के समीप स्थापित स्वर्गीय दिलीप सिंह जूदेव की आदमकद प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण किया। यहां पहुंचने पर ग्राम कोमड़ो एवं बुमतेल से आए पारंपरिक सरहुल और कर्मा नर्तक दल ने अपनी आकर्षक प्रस्तुति देकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इस दौरान विधायक श्रीमती रायमुनि भगत और श्रीमती गोमती साय, प्रबल प्रताप सिंह जूदेव, कृष्णा राय, राजू गुप्ता सहित भारी संख्या में लोग मौजूद थे। 8 मार्च 1949 को जशपुर के तत्कालीन शाही परिवार में जन्में स्वर्गीय दिलीप सिंह जूदेव बेहद सहज, सरल और विनम्र स्वभाव के थे। जशपुर वासियों के साथ उनके गहरे आत्मीय संबंध थे। खासकर जनजातीय समुदाय के बीच वे काफी लोकप्रिय रहे। श्री जूदेव के पिता स्वर्गीय राजा विजय भूषण सिंह देव जशपुर के अंतिम शासक थे। स्वर्गीय दिलीप सिंह जूदेव तीन बार राज्यसभा और एक बार लोकसभा सांसद रहे। वह प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार में पर्यावरण और वन राज्य मंत्री भी थे।



■ मुख्यमंत्री श्री साय और श्री जूदेव की गहरी आत्मीयता रही




## खबर संक्षेप

### विकसित भारत संकल्प यात्रा में योजनाओं की दी गई जानकारी

**प्रेमनगर।** विकासखंड प्रेमनगर अंतर्गत ग्राम पंचायत बृंदावन में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंचा है। इस अवसर पर ग्रामीणों को केंद्र सरकार के समस्त योजनाओं के बारे में जानकारी दिया गया। ग्रामीणों ने विभिन्न विभाग द्वारा लगाए गए इंस्टाल में योजनाओं का लाभ के संबंध में सभी अधिकारी कर्मचारियों ने जानकारी दी। शिक्षा, स्वास्थ्य,पशु, महिला बाल विकास विभाग द्वारा सभी योजनाओं की जानकारी प्रोजेक्टर के माध्यम से दिया। महिला बाल विकास विभाग द्वारा बच्चों का अन्नप्राशन एवं गोद भराई कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्मार्ट कार्ड का वितरण किया। इधर कई विभागो के स्टाल में बैनर नहीं लगे होने के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस दौरान अजय श्याम, सिंगारो बाई, परमानंद यादव, दिलोचन सिंह, गोरेलाल, रेखा सिंह, ललन साहू, बिफईया देवी, ज्ञान दास, महेंद्र कुमार यादव, रामलाल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी आलोक सिंह, प्रेमनगर कार्यक्रम अधिकारी सुजीत पाण्डेय, महिला बाल विकास विभाग अधिकारी माया राजवाड़े, विकास खंड परियोजना अधिकारी रमेश जायसवाल, मंडल संयोजक रहमान खान सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### अन्याय एवं अत्याचार के खिलाफ कभी ना झुकें

**बिश्रामपुर।** वीर बाल दिवस के अवसर पर मंगलवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्दरई की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सिख धर्म के 10 वें गुरु गुरुगोविंद सिंह जी के छोटे पुत्रों साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह एवं बाबा फतेह सिंह की शहादत को नमन किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम रासेयो स्वयंसेवकों ने साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह एवं बाबा फतेह सिंह को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कार्यक्रम अधिकारी राजीव कुमार सिंह ने रासेयो स्वयंसेवकों को दोनों साहिबजादों की शहादत की कहानी बताते हुए कहा कि मात्र 7 एवं 5 वर्ष की आयु में इतिहास की यह सबसे बड़ी शहादत रही है। दोनों साहिबजादों की शहादत को सुनकर सभी का सिर उनके श्रद्धा एवं सम्मान में झुक जाता है। उन्होंने सभी बच्चों से कहा कि हमें बाबा जोरावर सिंह एवं फतेह सिंह के जीवन से प्रेरणा लेते हुए अन्याय एवं अत्याचार के खिलाफ कभी ना झुकने का संकल्प आज के दिन लेना चाहिए। कार्यक्रम में छात्रों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्वयंसेवक पंकज प्रजापति, ज्योति साहू, अंजू सिंह, प्रीति, धनेश्वरी, मनीषा, पूनम, बबली, पूर्णिमा, देवनंदन अन्य सक्रिय रहे।

### वीर बालक दिवस पर पीजी कॉलेज में हुआ व्याख्यान

**अम्बिकापुर।** राजीव गांधी पीजी कॉलेज में वीर बाल दिवस पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पार्षद परमवीर सिंह बाबरा ने कहा कि धर्म, संस्कृति एवं स्वाभिमान की रक्षा हेतु अपना बलिदान देने वाले गुरू गोविंद सिंह के पुत्रों व माता गुजरी की शहादत को समर्पित करने का दिन है। उच्च शिक्षा संस्थानों में इस तरह के आयोजन से निश्चय ही आज की पीढ़ी को ऐतिहासिक ज्ञान प्राप्त होगा। भाजपा नेता त्रिलोक कपूर कुशवाहा ने भारत के मध्यकाल के इतिहास को पुनर्लेखन करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि हमारा मध्यकाल शूरवीरों एवं शहादत देने वाले वीरों से भरा पड़ा है। अंबिकेश केसरी, मुख्य वक्ता जी, एस सोढ़ी ने सिख धर्म के महानायक गुरू गोविंद सिंह एवं उनके परिवार की शहादत को विभिन्न आख्यानों के माध्यम से प्रस्तुत किया। कॉलेज के पूर्व छात्र लक्की सिंह ने तत्कालीन समाज की आवश्यकताओं के अनुरूप राष्ट्र को एक सूत्र बांधने और उनकी सुरक्षा में गुरू गोविंद सिंह के साहस और अतुलनीय बलिदान को स्पष्ट किया। डॉ. हर्ष प्रीत सिंह टुटेजा ने गुरू गोविंद सिहं एवं उनके शूरवीर पुत्रों जोरावर सिंह और फतेह सिहं के योगदानों को काव्य पाठ के माध्यम से प्रस्तुत किया। गुरू सिंह सभा के अध्यक्ष रघुवीर सिंह छाबड़ा ने धर्म रक्षा के लिए खुद की कुर्बानी देने वाले गुरू गोविंद सिंह और उनके पुत्रों के अंतिम समय तक मुगल आतताइयों के साने नहीं झुकने वाले ऐतिहासिक साक्ष्यों को प्रस्तुत किया। पूर्व छात्र वेदांत तिवारी ने भी अपना विचार व्यक्त किया। डॉ. रिजवान उल्ला ने कहा कि वीर बाल दिवस 17 वीं शताब्दी के ऐतिहासिक नायकों की शहादत को स्मरण करने एवं वर्तमान पीढ़ी को उससे अवगत कराने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है।

## शिवनन्दनपुर पंचायत भवन में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर

# हमारा उद्देश्य हितग्राहियों को मिले योजनाओं का लाभ : लक्ष्मी



कार्यक्रम को संबोधित करतीं मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

केन्द्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी हितग्राहियों को मिले, यही हमारा प्रयास है। शासकी योजनाओं का लाभ दिलाने ही शिविर लगाया जा रहा है। प्रदेश की नई भाजपा सरकार ने वादे के मुताबिक किसानों के खाते में बकाया बोनस राशि को भेज दिया गया है और अन्य घोषणाएं भी जल्द पूरी की जाएंगी। उक्त बातें केबिनेट मंत्री व भटगांव विधायक लक्ष्मी राजवाड़े ने बुधवार को ग्राम पंचायत शिवनंदनपुर में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के शिविर में बतौर मुख्य अतिथि की आसंदी से व्यक्त करते हुए कही। उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा 17 योजनाएं ग्रामीण स्तर पर चलाई जा रही है।

**खास बात**

- काफी संख्या में ग्रामीण रहे उपस्थित

आयुष्मान कार्ड में अब लोगों को 10 लाख रुपए तक ईलाज की सुविधा मिलेगी। निराश्रित पेंशन हेतु जो भी पात्र हितग्राही हैं उन्हें जरूर शासन की योजना का लाभ मिलेगा। शिविर में सभी विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित हैं, आप केवल आवेदन दीजिए, आवेदन पर कार्यवाही जरूर होगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के अलावे प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष अजय गोयल, जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल, डीडीसी गीता जायसवाल, सत्यनारायण जायसवाल, अशोक अग्रवाल शोक्की, ललित गोयल, दीपेंद्र सिंह चौहान, सरपंच विमला देवी, उपसरपंच कृष्ण गोयल, देवधन राम बिंझिया, विजयराज अग्रवाल, शीतिकांत स्वाइ, संजीत सिंह, राजेश यादव का स्वागत किया गया। कार्यक्रम को अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित कर शासन की योजनाओं का लाभ लेने का आह्वान किया। इस दौरान दुर्गाशंकर जायसवाल, मनी बग्गा, रामनारायण सिंह, श्यामू साहू, एबीईओ सुनील पोर्ते, जनपद सीईओ विनोद सिंह, डॉक्टर प्रशांत सिंह, प्राचार्य आशीष भट्टाचार्य, गौरीशंकर पांडेय व अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम में मंच संचालन सीमांचल त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थितजन को प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश को सुनाया गया।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में ग्रामीणों को दी गई योजनाओं की जानकारी



**डांड़गांव।** विकसित भारत संकल्प यात्रा विकास खण्ड उदयपुर के विभिन्न गांवों में पहुंच रही है । केंद्र शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में विकसित भारत संकल्प यात्रा के रथ में लगे उन्नत तकनीक के डिजिटल उपकरणों के माध्यम से बताया जा रहा है। घाटबर्रा, साल्ही, सलबा और गुमगा में उज्जवला योजना, उद्यानिकी, आयुष्मान भारत, किसान सम्मान निधि, फसल बीमा, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, आधार अपडेट, केवाईसी अपडेट, अटल पेंशन योजना इत्यादि के हितग्राहियों को इसका लाभ दिलाया गया। कार्यक्रम में जिले तथा ब्लाक स्तर के अधिकारियों के उपस्थिति में ग्रामीणों के समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। कई ग्रामीण जो सरकारी योजनाओं से वंचित हैं उनका मौके पर उज्ज्वला योजना सहित आधार कार्ड ,आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए फार्म भी भरा जा रहा है। शिविर में विभागों के स्टाल अधिकारी केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में ग्रामीणों की जानकारी दी। इस दौरान अनिल सिंह, चंद्रबाबू यादव, बसंत यादव, कल्पना कल्पना भदोरिया, बुधमोहन सिंह, राजू तिवारी, रामजतन यादव, अजित लाल राजवाड़े, शिवसंकर पैकरा, रूपन सिंह, दुमलेश्वर सिंह, उमेश्वर यादव, अपर कलेक्टर अमृत लाल ध्रुरव, एसडीएम भागीरथी खण्डे, सीईओ वेद प्रकाश गुप्ता, तहसीलदार चन्द्रशिला जायसवाल, बीईओ रवि कांत यादव, सहायक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी हेम प्रकाष साहू, पशु चिकित्सक संतोश कंवर, पूना राम, डॉ. तुफैल अहमद, सुनील मिश्रा, सुनील मिश्रा, व्हीके चौहान, रोशन गुप्ता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### शिवपुर और सेमरा कला में विकसित भारत संकल्प यात्रा की दिलाई गई शपथ



**प्रतापपुर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्राम पंचायत मानी व लोलकी में जनपद पंचायत प्रतापपुर के अध्यक्ष जगत लाल आयाम व खजुरी बेकोना शिवपुर के सरपंच व सभी विभागों के अधिकारियों ने उपस्थित में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जनपद सीईओ पारस पैकरा ने उपस्थित लोगों को विकसित भारत संकल्प यात्रा का शपथ दिलाया। ग्रामीणों को भारत सरकार द्वारा राज्यों के साथ भागीदारी से लक्षित एवं पात्र लाभार्थियों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने के लिए प्रमुख योजनाएं स्वच्छता सुविधाएं, आवश्यक वित्तीय सेवाएं, एलपीजी कनेक्शन तक पहुंच, गरीबों के लिए आवास, खाद्य सुरक्षा, उचित पोषण, विश्वसनीय स्वास्थ्य देखभाल, स्वच्छ पेयजल, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व अन्य योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए कई योजनाओं के लाभ भी प्रदान किए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच कर दवाओं का वितरण, आयुष्मान कार्ड, खाद्य विभाग द्वारा एलपीजी कनेक्शन, जनपद पंचायत प्रतापपुर द्वारा राशन कार्ड वितरण करने सहित ग्रामीणों को अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। इस दौरान महिला बाल विकास विभाग द्वारा उपस्थित महिलाओं की गोद भराई, छोटे बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी किया गया। खाद्य विभाग द्वारा उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर और चूल्हा का भी वितरण किया गया।

### आवास हितग्राही एवं ग्रामीणों के लिए वरदान सिद्ध हो रही है विकसित भारत संकल्प यात्रा

**सूरजपुर।** केंद्र एवं राज्य शासन के महत्वपूर्ण योजनाओं में शामिल प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण जिसके लिए राज्य शासन के प्रथम कैबिनेट बैठक में 18 लाख परिवारों को आवास देने का निर्णय लिया गया है और योजना अपने चरम पर आने वाला है। कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं जिपं सीईओ सुश्री लीना कोसम के निर्देशन व मार्गदर्शन में जिले के समस्त ग्राम पंचायतों में क्लस्टर तैयार कर 16 दिसंबर से ग्रामीणों के बीच जाकर उन्हें योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। इसी कड़ी में अब तक प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण से मेरी कहानी मेरी जुबानी कार्यक्रम में 425 हितग्राहियों ने भाग लिया तथा आवास प्राप्ति पश्चात जीवन में आए बदलाव को लोगो तक साझा किया गया। समय सीमा में पूर्ण किए आवास के कुल 400 हितग्राहियों को पूर्णता प्रमाण पत्र जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के माध्यम से दिया गया। जिले के अब तक 255 ग्राम पंचायतों में लगे शिविर में लगभग आवास के 22850 हितग्राहियों उपस्थित हुए। शिविर में आवास योजना के बारे में संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा विस्तार से बताने के साथ साथ योजना से संबंधित क्विज प्रतियोगिता तथा पंपलेट के माध्यम से प्रचार प्रसार और आवास निर्माण समय सीमा में कराए जाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। विभाग से मिली जानकारी अनुसार जल्द ही जिले को 40 हजार से अधिक नए आवासों की स्वीकृति संभावित है।



**पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं से जोड़ने पहुंचे जनप्रतिनिधि-** विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में लोग बडी संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहें है। शिविर के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ मिले इसके लिए आज श्रीमती लक्ष्मी राजवाडे मंत्री छग शासन व भूलन सिंह मरावी विधायक प्रेमनगर विभिन्न कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे थे। आयोजित कार्यक्रम में खोपा, शिवनंदनपुर में मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाडे एवं विधायक भूलन सिंह मराबी केशवनगर व शिवनंदनपुर पहुंचे थे। विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने क्षेत्रवासियों से चर्चा कर शिविर की वस्तु स्थिति कीजानकारी ली। इसी प्रकार भूलन सिंह मराबी द्वारा भी शिविर में आए लोगों से चर्चा की।

**शिविर में हितग्राहियों को वितरित किया गया प्रमाण पत्र-** जनपद पंचायत सूरजपुर अंतर्गत विकसित भारत संकल्प यात्रा में कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं जिपं सीईओ सुश्री लीना कोसम के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत बसदेई, सरमा, नेवरा, डुमरिया, पर्री, तिलसीवा, गिरवरगंज, करंजी, रामनगर, दतिमा, गंगीकोट, करवां, अनुजनगर, गंगापुर, लटोरी में आवास के हितग्राहियों द्वारा मेरी कहानी मेरी जुबानी में अपनी कहानी में बताया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना से पक्का आवास का निर्माण हुआ। शिविर में हितग्राहियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। आयोजित शिविर में ग्राम गंगापुर एवं लटोरी में मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े छग शासन, बाबूलाल अग्रवाल ने शिविर को संबोधित कर विभागीय अधिकारियों को समय पर सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

# सुशासन दिवस पर किसानों को दी गई दो साल की बोनस राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमी

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। कुसमी मंडी में सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को मुख्य अतिथि सामरी विधायक ने किसान एवं लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पूरे भारत सहित छत्तीसगढ़ प्रदेश में अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर सुशासन दिवस के रूप में मनाया जा रहा हैं। अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना की गई थी। साथ ही अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा गांव गांव में नल जल योजना सहित सड़क निर्माण विद्युत व्यवस्था, उज्वला योजना अंतर्गत गरीब लोगों गैस उपलब्ध कराने सहित स्वच्छ भारत मिशन के तहत देश में शौचालय निर्माण कराया गया है। साथ ही गरीब लोगों को प्रधान मंत्री आवास की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। शेष बचे हुए गरीब जनता को आने वाले पांच वर्ष में सभी का पक्का मकान दिलाने की बात कही। कार्यक्रम को पूर्व जनपद उपाध्यक्ष जन्मजय सिंह,, जिला पंचायत सदस्य अंकुश सिंह, हीरामुनि निकुंज, जनपद अध्यक्ष हुमंत सिंह पैकरा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में कुसमी समिति के कुल 431 किसानों का बोनस की कुल राशि 1 करोड़ 45 लाख 71 हजार 840 रुपए, सामरी समिति का कुल 123 किसानों को बोनस की कुल राशि 30 लाख 8 हजार 400 तथा भुलसी समिति के कुल 194 किसानों का बोनस की कुल राशि 54 लाख 52 हजार 620 रुपए की बोनस की राशि किसानों के खाते में डाल कर क्षेत्र के किसानों को भाजपा की प्रदेश सरकार द्वारा बड़ी सौगात अटल बिहारी बाजपेई के जयंती के सुशासन दिवस के अवसर पर भेंट की गई। इस दौरान उमेश्वर ओझा, राकेश भारती, रामानंद यादव, रामसुंदर यादव, विनोद गुप्ता, श्रवण दुबे, मो. समीम, अर्जुन यादव, राजेश्वर गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे।



### 23 हजार 730 किसानों को मिला दो साल का बोनस

**रामानुजगंज।** पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस पर देश सहित पूरे राज्य में सुशासन दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर राज्य शासन द्वारा बकाया 2 वर्षों का धान उत्पादन प्रोत्साहन राशि राज्य के 11 लाख 76 हजार 815 किसानों को 3 हजार 716 करोड़ रुपए का बोनस वितरण किया गया। जिले के 23 हजार 730 किसानों को 45 करोड़ 61 लाख 92 हजार की राशि सीधे उनके खाते में अंतरित की गई। सुशासन दिवस के अवसर पर जिला स्तर एवं खण्ड स्तरीय आयोजित कार्यक्रमों में पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी की कविता पाठ, अटल विचार संगोष्ठी तथा निबंध स्पर्धा का भी आयोजन किया गया। बाजारपारा स्थित ऑडिटोरियम परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम ने वर्चुअल माध्यम से जुड़े। उन्होंने कहा कि भारत के प्रेरणाश्रोत पूर्व प्रधानमंत्री का जन्म दिवस मनाया जा रहा है। सुशासन दिवस के अवसर पर किसानों को उनके खाते में पिछले 2 वर्ष का बकाया भुगतान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा किया जा रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा सभी किसानों के खाते में ऑनलाईन राशि अंतरित किया जा रहा है। जिले के 23 हजार 730 किसानों को 45 करोड़ 61 लाख 92 हजार के राशि की घोषणा की गई थी, जिसे सुशासन दिवस पर उनके खाते में भेजा गया है। कार्यक्रम को श्रीमती राधा सिंहदेव, विनय पैकरा, भानु प्रकाश दीक्षित ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा उपस्थित किसानों को बोनस राशि का चेक एवं प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। साथ ही निबंध, कविता प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को भी शील्ड व प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। इस दौरान एसपी डॉ. लाल उमेद सिंह, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रेना जमील, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुंदरमनी मिंज सहित अधिकारी-कर्मचारी व बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।



### सुशासन दिवस के अवसर पर किसानों को मिला 2 वर्ष का बोनस

**केदमा।** स्व.अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के अवसर पर केदमा धान समिति केंद्र में बोनस वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लगभग 40 किसानों को दो वर्ष का बोनस प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। भाजपा मीडिया प्रभारी बृजेश चतुर्वेदी ने कहा कि सत्ता में आते ही भाजपा ने मोदी की गारंटी को पूरा करते हुए धान बोनस की राशि कृषकों को वितरण किया है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधान मंत्री व भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी एक कुशल राजनीतिज्ञ थे। कुशल वक्ता, ओजस्वी कवि के साथ साथ अजातशत्रु थे। राजनीति में विपक्षी भी उनके मुरीद थे। उनका जन्मदिन वास्तव में सुशासन दिवस के योग्य है। जनपद सदस्य सज्जू सिंह, सरपंच कृतिका सिंह, गुलाब सिंह, व संतोष मझवार ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान महेश्वर पैकरा, बैजनाथ, सोन साय, कृष्ण कुमार, राजू पैकरा, सूना राम, बहाल राम, तारा यादव सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।



### श्याम नगर अटल चौक पर मनाया गया सुशासन दिवस

**सोनगरा।** ग्राम श्याम नगर के अटल चौक पर पूर्व प्रधान मंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मदिन सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान भाजपा मंडल उपाध्यक्ष व शक्ति केंद्र प्रभारी शरद चन्द्र द्विवेदी, शक्ति केंद्र सहसंयोजक राकेश राजवाड़े, सरपंच ताराचंद, अनुराग द्विवेदी, शंभू राजवाड़े, खिरोधन राजवाड़े, महिला मोर्चा उपाध्यक्ष थकेश्वरी राजवाड़े, बुथ अध्यक्ष रोशन राजवाड़े, बिहारी लाल राजवाड़े,सचिव महेंद्र प्रसाद, आगर साय राजवाड़े, कौशल राजवाड़े, बूथ पालक आलम साय, पंच हेमबाई, हरकेश राजवाड़े, भजन प्रसाद यादव, अजीत, जगेश्वर सहित ग्रामीण व भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### उदयपुर के पांच समितियों के किसानों को मिला बोनस

**डांडगांव।** विकास खंड उदयपुर के डांड़गांव, सलका, खम्हरिया, उदयपुर, केदमा के पांचों समितियों के लगभग 2 हजार 253 किसानों को तीन सौ रुपये प्रति किवंटल के दर से वर्ष 2014,15 एवं 2015,16 में बेचे गए धान का बोनस भुगतान किया गया। किसानों को अतिथियों ने प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। मुख्य अतिथियों ने कहा कि भाजपा ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में जो वादा किया था उसे सरकार बनते ही पूरा किया है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के जन्म दिवस के अवसर पर धान बोनस वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित शाखा उदयपुर, सहकारी समिति उदयपुर, सलका, डांडगांव, केदमा सहित खम्हरिया समिति के हितग्राहियों को बोनस वितरण का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। जनपद क्षेत्र के 2 हजार 253 किसानों को दो वर्ष का कुल बोनस 3 करोड़ से अधिक की राशि का भुगतान उनके खाता में किया गया है। इस दौरान बुधराम, सिंह, रामजतन यादव, बसंत यादव, अजित लाल राजवाड़े, अमित दास, बिगन दास, रामविशाल सिंह, महेश सिंह, भागवत सिंह, मसत राम, करीयानाथ, दर्शन सिंह, पवन सिंह, कलम साय, महबूब हैदर, सुरेंद्र सिंह, अशोक दास सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।



# अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम का मनाया गया 72 वां स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

सरस्वती शिशु मंदिर विश्रामपुर में अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम नगर समिति द्वारा 72 वीं स्थापना दिवस मनाई गई। अतिथियों का स्वागत एवं स्वागत गीत पश्चात मुख्य अतिथि रामेश्वर भगत संयुक्त महामंत्री, अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम (केंद्र-जशपुर) ने कहा कि वनवासी कल्याण आश्रम के संस्थापक स्वर्गीय बाला साहब केशव देशपांडे के जन्म दिवस 26 दिसम्बर 1952 को जशपुर में वनवासी कल्याण आश्रम की स्थापना की गई थी। इसका प्रमुख उद्देश्य सुदूर वनांचल में रहने वाले आदिवासियों में भेदभाव, विषमता दूरकर उनके शैक्षणिक, सामाजिक एवं आर्थिक स्तर को ऊंचाकर समाज के मुख्य-धारा में जोड़कर सर्वांगीण विकास करना है। उन्होंने उपस्थितजन से धर्मांतरण का विरोध कर अपने धर्म एवं संस्कृति की रक्षा करते हुए भारत को वैभवशाली सामर्थ संपन्न बनाने हेतु संकल्प करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा, वीर नारायण सिंह, रानी दुर्गावती, वनवासी संत गहिरा गुरु जी एवं सरगुजा की संत राजमोहिनी देवी को हम सभी जानते हैं। उन्होंने सनातन परंपराओं के आधार पर वनवासी समाज की कुरीतियों को दूर कर उन्हें संगठित किया। स्वागत भाषण नगर समिति के संगठन सचिव राजेश अग्रवाल एवं कार्यक्रम का संचालन समिति के अध्यक्ष महेश गुप्ता ने किया। समिति के कोषाध्यक्ष सुमित मित्तल ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार प्रकट किया। इस अवसर पर वरिष्ठ कार्यकर्ता रामदयाल,सत्यम गर्ग, जिला संगठन मंत्री गोपालराम, महेंद्र लाण्डे, रविशंकर बऊवा, प्रेमजी शर्मा नगर समिति के शशिकला सहित बाल संस्कार केंद्र तथा खेल केंद्र के छात्राएं उपस्थित थीं।



### अवैध रेत परिवहन करते ट्रैक्टर जब्त

**लखनपुर।** नेशनल हाईवे पर बिना नंबर के ट्रैक्टर से अवैध रेत परिवहन पर पुलिस ने सिंगीटाना के पास पकड़ा है। राजू यादव पिता मुन्ना यादव (22 वर्ष) बिना नंबर के ट्रैक्टर से रेत परिवहन कर रहा था। रेत परिवहन तथा ट्रैक्टर से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाने पर पंचनामा बनाकर पुलिस ने ट्रैक्टर को जप्त किया है। कार्रवाई में एसआई संदीप सिंह, मुनेश्वर कुमार, राजेंद्र रमाशंकर मौजूद थे।

### राज परिवार के सदस्यों ने जनजाति समाज के लोगों को बांटा साड़ी, कंबल

**लखनपुर।** राज परिवार के सदस्यों ने स्व. शोभा मंजरी सिंहदेव की स्मृति में 25 दिसम्बर को जनजाति समाज के लोगों को साड़ी और कंबल वितरित करने के उपरांत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। मंगलवार को आदिवासी बाहुल्य ग्राम डांडकेसरा में शिविर में स्व. सिहंदेव को श्रद्धांजलि अर्पित करने के उपरांत पहाड़ी कोरवा, सोता मझवार जनजाति के लोगों को कंबल और साड़ी का वितरित किया गया। इस दौरान इंद्रजीत सिहंदेव, सुप्रिया सिंह झाला, आकृति सिंह झाला, प्रतिमा सिंहदेव, अर्पिता सिहंदेव, शिवनारायण यादव, सत्यनारायण यादव, सुरेश यादव आदि मौजूद थे।




# मालवीय जयंती पर हुए विविध कार्यक्रम

**अम्बिकापुर।** भारत रत्न महामना पं. मदनमोहन मालवीय की जयंती पर मालवीय मिशन द्वारा विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर मालवीय पार्क स्थित पं. मालवीय की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के उपरांत भारतेंदु भवन में विचार गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में मुख्य अतिथि डॉ. जीडी सिंह ने कहा कि पं. मालवीय का जीवन दर्शन सरलता और सादगी का परिचायक है। उनका व्यक्तित्व बहुआयामी प्रतिभा को रेखांकित करता है। विश्व के महानतम दार्शनिकों को हम पढ़ते हैं तो मालवीय जी का व्यक्तित्व सबसे अलग दिखाई देता है। सच कहा जाए तो पंड़ित जी अपने लिए जीवन नहीं जिए। उन्होंने राष्ट्र निर्माण समाज कल्याण और विश्व कल्याण के लिए अपना संपूर्ण जीवन न्यौछावर किया है। प्रधानमंत्री द्वारा उनके जन्मदिवस पर भारत के विख्यात लेखकों की ग्यारह खण्डों की पुस्तक का विमोचन होना गौरव की बात है। जुनैद खान ने कहा कि पं. मदनमोहन मालवीय का जीवन दर्शन आदर्शों का खजाना है। उनकी दिनचर्या को करीब से निहारने की जरूरत है। वे सामाजिक समरसता के द्योतक हैं। आरएन अवस्थी ने कहा कि व्यक्ति को महानतम शिखर पर पहुंचने के लिए स्वहित का त्याग करना चाहिए। मालवीय ने अपने जीवन काल में स्वहित के लिए कुछ भी नहीं किया। उन्होंने सिर्फ समाज हित को ध्यान में रख कर कार्य किए, इसीलिए उन्होंने महामना कहा गया। ब्रम्हशंकर सिंह ने कहा कि मालवीय जी ने सम्पूर्ण भारतवंशीयों से सप्ताह में एक घंटे का समय दक्षिणा के रूप में गीता पाठ के लिए मांगा था। शहर में 2012 से लगातार प्रत्येक रविवार को गीता पाठ किया जा रहा है। यहां तक कि कोरोना काल में भी यह गतिविधि नहीं रूकी तथा स्वास्थ्यगत नियमों का पालन करते हुए गीता पाठ का क्रम चलता रहा, जिसका श्रेय राज कुमार गुप्ता और राज नारायण द्विवेदी को जाता है। गोष्ठी उपरांत कवि सम्मेलन हुआ, जिसमें श्रीमती सुमन द्विवेदी, प्रकाश कश्यप, श्रीमती गीता द्विवेदी, श्रीमती सारिका मिश्रा, अंजू पांडेय, मंश शुक्ला, श्याम बिहारी पांडेय, डॉ. नीरज वर्मा, अम्बरीश कश्यप, राजेश पांडेय, सीमा तिवारी, पूर्णिमा पटेल, मो. मन्वर राणा ने अपनी रचनाओं का पाठ किया। कार्यक्रम के अंत में समाज सेवी राजकुमार गुप्ता को कोरोना काल में सर्वाधिक गीता पाठ कराने के लिए शाल-श्रीफल से सम्मानित किया गया। इस दौरान डॉ. वीके सिंह, सुरेंद्र गुप्ता, त्रिभुवन सिंह, सुनील दत पांडेय, हरिशंकर सिंह,रणविजय सिंह तोमर, जेपी चौबे, ललित मोहन तिवारी, राजनारायण द्विवेदी आदि उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय शालेय तैराकी स्पर्धा में भाग लेंगे पार्थ



**कोरबा।** राज्य एवं राष्ट्रीय शालेय खेलकूद प्रतियोगिता में तैराकी में एक के बाद एक पदक जीत चुके पार्थ श्रीवास्तव जिले के एकमात्र तैराक हैं जो अब तक कि विभिन्न तैराकी प्रमियोगिताओं में कई पदक जीत चुके हैं। लगातार राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अपने बेहतर प्रदर्शन से पदक जीतने वाले पार्थ का चयन दिल्ली के तालकटोरा स्विमिंग पुल में आयोजित होने वाली 67वीं राष्ट्रीय स्कूल गेम्स के लिए हुआ है प्रतियोगिता 3 जनवरी 2024 से 9 जनवरी 2024 तक दिल्ली के तालकटोरा स्विमिंग पूल में आयोजित हो रहा है। जिसमें जिले के एकमात्र तैराक पार्थ श्रीवास्तव का चयन हुआ है। पार्थ श्रीवास्तव न्यू ऐरा प्रोग्रेसिव स्कूल रामपुर में ग्यारहवीं के छात्र हैं। पार्थ श्रीवास्तव इससे पूर्व 37वीं नेशनल गेम्स जो की गोवा में आयोजित हुआ था, उसमें वे 9वीं पोजिशन में आए थे। पार्थ श्रीवास्तव इस वर्ष के नेशनल स्कूल गेम्स में पदक के दावेदार हैं। पार्थ श्रीवास्तव नेशनल स्कूल गेम्स में 200 ,400 और 800 मीटर फ्री स्टाइल में अपना जौहर दिखाएंगे। पार्थ श्रीवास्तव इसके पूर्व अपने राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में अपने सभी इवेंट्स में गोल्ड मेडल जीत कर अपना चयन नेशनल की प्रतियोगिता के लिए करवाए है।

### त्यौहार शत्रुनता व वैमनस्य को भुलाकर मित्रता, सत्यता का पाठ पढ़ाती है:डॉ. गुप्ता



**कोरबा।** त्यौहारों का देश कहा जाने वाला देश भारत जहाँ हर त्यौहार बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है, चाहे वह धार्मिक त्यौहार हो चाहे राष्ट्रीय त्यौहार। दिसम्बर जो कि पूरे वर्ष का अंतिम समय अंतिम महिना है, ऐसे में जहाँ हम अपने पूरे वर्ष के कार्यों की समीक्षा कर, पुराने की विदाई हेतु भाव विभोर रहते हैं, उसी समय जिंगल बेल की धुन पर सैंटा हमारे बीच क्रिशमस की सौगात लेकर नये वर्ष का स्वागत करता हमारे चेहरे पपर खुशियों के रंग बिखेरता हैं। दीपका स्थित इंडस पब्लिक स्कूल में बड़े ही हर्षोल्लाष के साथ क्रिशमस का त्यौहार मनाया गया इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। सर्वप्रथम क्रिशमस के पावन अवसर पर परंपरानुसार केक काटकर सभी को क्रिशमस की शुभकामनाऐं दी गई। छोटे-छोटे बच्चों ने सांता क्लास का मनमोहक रूप धारण कर सबको क्रिसमस की बधाइयां दी। सैंटा बने बच्चों ने अन्य विद्यार्थियों को चॉकलेट बांटकर क्रिसमस की खुशियां बांटी। इस अवसर पर शिक्षिका श्रीमती स्वाति सिंह ने अपने उद्बोधन में बच्चों को बताया कि क्रिशमस का त्यौहार प्रभु ईशा मसीह के जन्म दिवस के रूप में मनाया जाता है तथा श्री फैडरिक ने बताया कि निःस्वार्थ भाव से सेवा एवं सत्य के मार्ग पर सतत रूप चलना ही मानव का उद्देशय होना चाहिए। प्राचार्य डॉ.संजय गुप्ता ने कहा कि अनेकता में एकता यह हमारी विशेषता है। सभी त्यौहारों से हमें जो शिक्षा मिलती हैं, उसे जीवन में आत्मसात करना चाहिए। हर त्यौहार हमें शत्रुनता व वैमनस्य को भूलाकर मित्रता एवं सत्यता का पाठ पढ़ाती है। हमें सच्चे दिल से हर त्यौहार को मनाना चाहिए उससे मिलने वाली सीख को अपने जीवन में लाना चाहिए।

### जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल में 10 बिस्तर वाला आईसोलेशन वार्ड तैयार

**कोरबा।** जिले में कोविड-19 संक्रमण के रोकथाम हेतु आवश्यक तैयारी करते हुए जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल में कोरोना संक्रमित मरीज के उपचार हेतु 10 बिस्तर सुसज्जित आईसोलेशन वार्ड तैयार किया गया है। उक्त सभी 10 बेड ऑक्सीजन पाईप लाईन से जुड़े हुए हैं। साथ ही आईसोलेशन वार्ड में आवश्यक उपकरण वेंटिलेटर, बी-पैप, सी-पैपए ऑक्सीजन कंसन्ट्रेटर के साथ जीवनरक्षक दवाईयाँ की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। चिकित्सालय में 2 ऑक्सीजन प्लांट संचालित है। चिकित्सालय में पूर्व से ही संचालित वायरोलोजी लैब में आरटीपीसीआर रिएजेण्ट एवं किट पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। जिससे कोरोना की जाँच निरंतर जारी है। साथ ही वार्ड में आवश्यक तैयारी जायजा लेने हेतु मॉक ड्रिल भी पूर्ण कर लिया गया है। 26 दिसंबर को जारी कोरोना बुलेटिन के मुताबिक दुर्ग में चार और रायपुर में एक संक्रमित मरीज फिर मिले हैं।

### सब इंस्पेक्टर के रिजल्ट जारी करने युवाओं ने निकाला कैंडल मार्च

**कोरबा।** प्रदेश में सब इंस्पेक्टर के लिए वर्ष 2018 में हुए भर्ती परीक्षा का रिजल्ट 5 साल से अटका हुआ है। कांग्रेस सरकार का पूरा कार्यकाल गुजरने तक अभ्यार्थियों ने रिजल्ट जारी होने का इंतजार किया। अब नई सरकार आने के बाद उक्त भर्ती परीक्षा रद्द न कर दिया जाए इसे लेकर अभ्यार्थियों में चिंता बढ़ गई है। इसलिए जिले सहित प्रदेश में अभ्यार्थियों द्वारा जल्द रिजल्ट जल्द जारी करने की मांग की जा रही है। इसी कड़ी में मंगलवार की शाम जिले में अभ्यार्थी जो सब इंस्पेक्टर परीक्षा दे चुकें है वे सुभाष चौक से घंटाघर तक कैंडल मार्च निकालकर रिजल्ट जारी करने की मांग किए।


## शहरी क्षेत्र के लोड को डिवाइड करने विभाग की हो रही है पहल

# चार सब स्टेशन की निर्माण गति सुस्त, अब तक नहीं हो पाया चार्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गर्मी के दिनों में शहरी क्षेत्र में बिजली की डिमांड बढ़ जाती है और ट्रांसफार्मर पर लोड बढ़ जाता है जिसकी वजह से पावर कट की समस्या आम हो जाती है। इस समस्या से निजात दिलाने के लिए शहरी क्षेत्र में विद्युत विभाग द्वारा चार अलग-अलग स्थान पर सब स्टेशन पर स्थापित करने की दिशा पर पहल की गई है और सब स्टेशन का काम चल भी रहा है लेकिन अब तक सब स्टेशन का काम पूरा नहीं हो पाया है यदि आने वाले गर्मी में यह काम पूरा नहीं हो पाया तो निश्चित तौर पर शहरवासियों को बिजली के लिए फिर से दो-चार होना पड़ेगा।

उल्लेखनीय है कि विद्युत वितरण विभाग के स्थानीय अफसर द्वारा शहरी क्षेत्र के पाड़ीमार जोन, तुलसी नगर जोन और दर्री जोन में चार अलग-अलग सब स्टेशन बनाने का प्रस्ताव भेजा गया था। जहां से स्वीकृति मिलने के बाद शहर के सुनालिया मोड़ पर, खरमोरा, मिनीमाता कॉलेज के पीछे व दर्री सहित चार अलग-अलग स्थान में करोड़ों की लागत से सब स्टेशन तैयार किया जा रहा है लेकिन जिस गति से काम चल रहा है इससे काम लगातार पिछड़ते ही जा रहा है। अब तक सब स्टेशन को चार्ज हो जाना था लेकिन अब तक चारों सब स्टेशन में से एक भी चार्ज नहीं हो पाया है। आने वाले कुछ दिनों में मार्च के महीने से गर्मी शुरू हो जाएगा और ऐसे में सब स्टेशन चार्ज नहीं हुआ तो निश्चित तौर पर शहरवासियों को बिजली के लिए फिर से परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। हालांकि विद्युत विभाग के अफसर का मानना है कि गर्मी के पहले जो सब स्टेशन को तैयार कर चार्ज कर लिया जाएगा और इस गर्मी में शहरवासियों को बेहतर विद्युत आपूर्ति हो सके इस दिशा पर पहल होगी। चारों सबस्टेशन के चार्ज होने जाने के बाद लोड की समस्या ना के बराबर रहेगी और लोड डिवाइड हो जाएगा जिससे समस्या काफी हद तक दूर हो जाएगी।



फाइल फोटो

**खास बात**

- गर्मी में नहीं हुआ चार्ज तो उपभोक्ताओं को झेलनी पड़ेगी फिर परेशानी

**मार्च के पहले किया जाएगा चार्ज**

शहरी क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त करने चार सब स्टेशन के निर्माण का काम चल रहा है। जिसमें से खरमोरा सब स्टेशन 15 दिन के भीतर चालू होने की उम्मीद है जबकि शेष 3 सब स्टेशन को मार्च के पहले चार्ज किया जाएगा।

- प्रेम लाल सिदार
अधीक्षण यंत्री, विद्युत वितरण विभाग

**मार्च से बढ़ेगी बिजली की डिमांड**

हालांकि अभी ठंड का मौसम चल रहा है बिजली की डिमांड बहुत कम है और ऐसे में विद्युत विभाग के स्थानीय अफसर व कर्मचारी अभी राहत की सांस ले रहे हैं लेकिन आने वाले मार्च के महीने से गर्मी दस्तक देगी और गर्मी के साथ ही बिजली की डिमांड बढ़ेगी। ऐसे में जैसे-जैसे बिजली की डिमांड बढ़ती है वैसे-वैसे ट्रांसफार्मर पर भी लोड बढ़ना शुरू हो जाता है। जिससे बिजली की समस्या भी लगातार बढ़ती ही जाती है इसलिए स्थानीय अफसर को गर्मी को ध्यान में रखकर अभी से बिजली की सारी व्यवस्था करनी चाहिए ताकि शहरवासियों को और उपभोक्ताओं को बिजली के लिए फिर से गर्मी में परेशानी ना हो।

**गर्मी में सबसे ज्यादा होता है पावरकट**

हालांकि अभी गर्मी का सीजन आने में 2 महीना शेष है। मार्च के महीने से जैसे-जैसे सूर्य की तपिश तेज होगी अप्रैल मई के महीने में बिजली की डिमांड सबसे ज्यादा पिक पर होती है जो लगातार जून जुलाई तक जाता है। ऐसे में शहरी क्षेत्र या ग्रामीण क्षेत्र की बात करें तो पावर कट की समस्या आम हो जाती है। बीते वर्ष शहरी क्षेत्र में पावरकट की समस्या इतनी विकराल रूप ले चुकी थी कि शहरवासियों का कई बार आक्रोश भी फूट पड़ा था इसके लिए स्थानीय अफसर व राजधानी के अफसरों को भी फटकार खानी पड़ी थी और राजधानी के अफसर भी यहां पहुंचे थे और शहर की विद्युत व्यवस्था को बहाल करने की दिशा पर पहल भी की थी। हालांकि अब इस गर्मी में पता चलेगा कि शहर की विद्युत व्यवस्था किस हद तक सुधरी है या नहीं।

# बिरसा मुंडा व शहीद वीर नारायण सिंह के नाम पर हो नया संयंत्र



सीएम से मुलाकात करते संघ के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारतीय मजदूर संघ के केंद्रीय एवं छत्तीसगढ़ के प्रदेश पदाधिकारियों ने छत्तीसगढ़ के नए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर श्रमिक हितों से जुड़े विभिन्न मांगे रखी। जिसपर मुख्यमंत्री ने सभी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया है। संघ के पदाधिकारियों ने कहा है कि मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व में प्रदेश चहुंमुखी विकास करेगा।

भारतीय मजदूर संघ राष्ट्रवादी संगठन है जो कि भारत के लगभग सभी राज्यों में पूरे प्रदेश के श्रमिकों के हित में निरंतर कार्य कर रहा है। भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री नरोत्तम धृतलहरे ने बताया कि भारतीय मजदूर संघ का त्रैवार्षिक अधिवेशन 20 व 21 जनवरी को औद्योगिक क्षेत्र दल्ली राजहरा में आयोजित होगा। जिसके लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को आमंत्रित किया गया है। भिलाई इस्पात संयंत्र में कार्यरत कर्मचारियों के वेतन समझौता पूर्ण करवाने व एरियर्स दिलवाने हेतु सहयोग प्रदान करने तथा भिलाई इस्पात संयंत्र में ठेका श्रमिकों को राज्य शासन की दर पर मजदूरी का भुगतान किया जाता है जबकि भिलाई इस्पात संयंत्र केन्द्र सरकार का उपक्रम है और केन्द्र सरकार का मजदूरी दर राज्य सरकार की दर से ज्यादा है और भिलाई में केन्द्रीय श्रम कानून लागू होता है। संघ की मांग है कि कोरबा में प्रस्तावित 1320 मेगावाट नये संयंत्र का नामकरण भगवान बिरसा मुंडा या शहीद वीरनारायण सिंह के नाम पर किया जाए, विद्युत कंपनी में भी पुरानी पेंशन योजना शुरू कि जाए साथ ही लंबे समय से संविदा में कार्यरत लाईन कर्मचारियों को नियमितिकरण करते हुए बोनस एवं मंहगाई भत्ता प्रदान किया जाए, कांग्रेस सरकार के गठन होते ही भाजपा द्वारा लागू औद्योगिक विवाद अधिनियम को समाप्त कर औद्योगिक संबंध अधिनियम लागू करके बालको संयंत्र में कार्यरत इंटक यूनियन को अनुचिंत ढंग से मान्यता दे दिया गया है। श्रम विभाग को आदेशित करते हुए तत्काल चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ किया जाए, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं को कलेक्टर दर पर भुगतान किया जाए तथा रिक्त पदों पर विभागीय कार्यकर्ताओं की भर्ती 50 प्रतिशत तक किया जाए। प्रदेश में कार्यरत रसोइयों कार्यकर्ताओं को विगत 2 से 3 माह का मानदेय प्राप्त नहीं हुआ है तथा कई जिलों में 4 से माह तक मानदेय प्राप्त नहीं हुआ है। नियमित भुगतान की पहल की जाए, घोषणा पत्र के अनुरूप मितानीनों की मानदेय में 50 प्रतिशत राशि की वृद्धि किया जाए। इस दौरान सुनील किरवई, सुरेन्द्र पाण्डे, आरएस जायसवाल, शोभा सिंहदेव, भोला प्रसाद तिवारी, नरोत्तम धुतलहरे, सुश्री रीता एक्का, दिनेश पांडे, सोनिया मरावी, शंख ध्वनि सिंह बनाफर, योगेश दत्त एवं सुंदर सिंह वर्मा आदि उपस्थित रहे।

**खास बात**

- भारतीय मजदूर संघ ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर रखी मांग

### केसीसी ने किया जलप्रपात शैक्षणिक भ्रमण

कोरबा। कोरबा शिक्षण समिति द्वारा संचालित अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर से सम्बद्ध कोरबा कम्प्यूटर महाविद्यालय द्वारा अपने विद्यार्थियों के विकास हेतु शैक्षणिक भ्रमण तथा वनभोज का आयोजन लेमरू, देवपहरी के समीप नकिया में आयोजित किया गया। महाविद्यालय के निर्देशक राजेश अग्रवाल के मार्गदर्शन में इस कार्यक्रम का संपन्न हुआ। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने हाइड्रो-जनरेशन पॉवर प्लांट का निरीक्षण कर, पर्यावरण एवं पारिस्थितिक तंत्र का अवलोकन किया तथा विद्यार्थियों को स्वल्पाहार वितरित किया गया।

# जिले के 5 ब्लॉकों में 3 करोड़ 30 लाख की लागत से तैयार होंगे 10 उप स्वास्थ्य केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के पांचों विकासखंडों में नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र निर्माण के लिए स्वीकृति मिल गई है। प्रतिवर्ष जिले को जारी होने वाले 15वें वित्त की राशि 3 करोड़ 30 लाख रुपए खर्च कर 10 नए उप स्वास्थ्य केंद्र तैयार किए जाएंगे। इसके लिए प्रति इकाई 28 लाख 51 हजार की राशि निर्धारित की गई है। इसे लेकर प्रबंध संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छग को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा प्रशासकीय स्वीकृति से संबंधित पत्र भी जारी कर दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि जिले सहित प्रदेश के अन्य जिलों में स्वास्थ्य सुविधा बेहतर करने के उद्देश्य से वर्ष 2021 में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छग की निदेशक डॉ नेहा गर्ग के द्वारा नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण के लिए परिवार कल्याण मंत्रालय निर्माण भवन दिल्ली को पत्र प्रेषित कर आग्रह किया गया था। इस पत्र के दो साल बाद स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय नई दिल्ली ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छग की निदेशक के प्रस्ताव को स्वीकृत करते हुए नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण को हरी झंडी दे दी है। यह एक बड़ा प्रोजेक्ट होगा जिसके तहत 15वें वित्त की राशि से न केवल कोरबा में बल्कि प्रदेश के सभी जिलों में 544 नवीन उप स्वास्थ्य केंद्रों का निर्माण होगा। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय दिल्ली के द्वारा प्रशासकीय स्वीकृति जारी करने से संबंधित पत्र में उल्लेख किया गया है कि केंद्र सरकार द्वारा प्रदेश के जिलों में 544 नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र के अधोसंरचना निर्माण हेतु प्रति संस्था 28.51 लाख के मान से 15509.44 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी जाती है। पत्र में प्रदेश के अन्य जिलों के साथ ही कोरबा जिले में भी 10 नवीन उप स्वास्थ्य केंद्रों के निर्माण का रास्ता प्रशस्त हो गया है। उक्त सभी नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र जिले के पांचों विकासखंड में तैयार होंगे। इसके लिए जल्द ही राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छग के द्वारा निविदा की प्रक्रिया शुरु की जाएगी।

**सबसे अधिक कटघोरा ब्लॉक में बनेंगे उप स्वास्थ्य केंद्र**

सबसे अधिक नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कटघोरा ब्लॉक में होना है। कटघोरा ब्लॉक अंतर्गत चाकाबुड़ा में एक, छुरीकला में एक, विजय नगर कटघोरा में एक, सिंचाई कॉलोनी कटघोरा में एक एवं मुख्य शहर कटघोरा में एक नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण किया जाएगा। इस तरह से कुल 10 नए उप स्वास्थ्य केंद्रों में से कटघोरा ब्लॉक में ही 5 स्वीकृति प्राप्त हुई है। इसके अलावा कोरबा ब्लॉक के रामसागरपारा में एक, करतला ब्लॉक के खरवानी में एक, पाली ब्लॉक के ग्राम पंचायत राहा में एक और ग्राम पंचायत चैतमा में नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र तैयार किए जाएंगे।

# दो दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




डीएवी सीएई एवं रीजनल ट्रेनिंग सेंटर छत्तीसगढ़ के तत्वाधान में डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जेंजरा में दो दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम फेस टू 26 से 27 दिसंबर का आयोजन उपक्षेत्रीय अधिकारी व प्रशिक्षण समन्वयक प्रशांत कुमार के दिशा -निर्देशन में तथा कोरबा जोन -ई की सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डॉ श्रीमती राज रेखा शुक्ला के मार्गदर्शन में व खरमोरा के प्राचार्य हेमंतो मुखर्जी, सैला पाली के प्राचार्य के. बी पांडेय, भंवर के प्रभारी प्राचार्य विवेक जयसवाल, बड़मार के प्रभारी प्राचार्य राजू साहू के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यशाला में कोरबा में संचालित समस्त डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल के विभिन्न विषयों के 70 शिक्षक- शिक्षिकाएं प्रशिक्षित हुए जिसमें प्रशिक्षित करने के लिए डीएवी (सीएई) के द्वारा नियुक्त मास्टर ट्रेनर भारती जटवार, शशि भूषण पाधी, विनीता गुमास्था, निशा नायर, ओम प्रकाश काटरे, डी.के पांडा, पूनम जयसवाल, स्वेता जयसवाल एवं गोविंद प्रसाद पाण्डेय के द्वारा सभी प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया जिसमे विभिन्न कौशलों व बच्चों की प्रतिभा में निपुणता, गुणवत्ता, लाभकारी व रुचिकर बनाने के गुण और तरीके भी बताए गए। साथ ही वैदिक हवन-यज्ञ कराया गया। अंत में संस्था प्रमुख डा श्रीमती राज रेखा शुक्ला ने इसमें सभी विषय प्रशिक्षकों को स्मृतिचिन्ह प्रदान कर उनका आभार व्यक्त किया एवं उन्होंने कहा यह कार्यशाला तभी सफल माना जायेगा जब हमारे प्रशिक्षक इसे अपने विद्यालय में क्रियान्वयन करेंगे। कार्यक्रम के समापन समारोह में सभी स्कूलों से आए जिनमे प्रभात कुमार पंडा, मनीषा राजपूत, सोनी सिंह, संगीता पांडेय, प्रीति अग्रहरि ने इस कार्यशाला से प्राप्त हुए ज्ञान और शैक्षणिक पद्धति का प्रयोग करने पर अपने विचार व्यक्त किया। खरमोरा के प्राचार्य हेमंतो मुखर्जी ने कहा कि इस कार्यशाला से प्रशिक्षण पश्चात प्रशिक्षक इस क्षमता संवर्धन कार्यक्रम का शिक्षण में पूर्ण रूप से उपयोग करेंगे। इस कार्यशाला के द्वारा वे अपने विद्यालयों में जाकर बच्चों के बहुमुखी विकास के लिए पूर्ण रूप से योगदान देंगे। सभी प्रशिक्षकों को प्रमाण-पत्र भी दिया गया।

# कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय सीमा की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर सौरभ कुमार ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक लेकर विभागीय अधिकारियों से जिले में प्रधानमंत्री जनमन योजना, विकसित भारत संकल्प यात्रा, राजस्व प्रकरणों एवं मुख्य विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में गति लाने और नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने बताया कि प्रधानमंत्री जनमन योजना में 74 बसाहटों में रहने वाले 1200 परिवारों के लगभग 4 हजार से अधिक लोगों को विभिन्न योजनाओं के तहत पात्रतानुसार लाभान्वित किया जाएगा। कलेक्टर ने योजनांतर्गत जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति समूह की सामाजिक आर्थिक उन्नति के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की प्रगति की जानकारी लेते हुए जिले के चिन्हांकित सभी पीव्हीटीजी समुदाय के लोगों को प्रधानमंत्री जनमन योजना का लाभ दिलाने मिशन मोड में कार्य करने की बात की। साथ ही सर्वे के पश्चात प्राप्त आंकड़े के आधार पर चिन्हांकित लोगों को लाभान्वित करने हेतु पूरी तत्परता से कार्य करने अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने योजना के मॉनिटरिंग हेतु जिला एवं ब्लॉक स्तर पर नोडल अधिकारी बनाने तथा कमेटी गठित करने की बात कही। साथ ही योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए प्रशिक्षण आयोजित करने तथा सर्वे का प्रारूप बनाने के लिए भी कहा। बैठक में कलेक्टर ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत विकासखंड वार ग्राम पंचायतों में किए गए कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा केंद्र शासन की महत्वपूर्ण योजना है। सभी अधिकारी इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए विशेष तौर पर कार्य करें। उन्होंने अधिकारियों को विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से जनसामान्य को केन्द्र शासन की योजना से अधिक से अधिक लाभान्वित करने के लिए कहा। कलेक्टर सौरभ कुमार ने राजस्व प्रकरणों के निराकरण के अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए विवादित-अविवादित नामांतरण, सीमांकन सहित अन्य राजस्व प्रकरणों के निराकरण में समय-सीमा का विशेष ध्यान रखने एवं लंबित प्रकरणों को यथाशीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए।

## कैबिनेट मंत्री का अधिवक्ता संघ ने किया सम्मान

# अधिवक्ताओं की हर समस्याओं का समाधान करने का होगा प्रयास: लखनलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला अधिवक्ता संघ कोरबा के तत्वावधान में बुधवार को जिला न्यायालय परिसर कोरबा में केबिनेट मंत्री एवं शहर विधायक लखनलाल देवांगन का जोरदार स्वागत किया गया। जिला अधिवक्ता संघ कोरबा के कार्यालय के उद्घाटन एवं केबिनेट मंत्री के सम्मान समारोह का आयोजन जिला न्यायालय परिसर कोरबा में किया गया था। सम्मान एवं स्वागत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद लखनलाल देवांगन ने प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव में विजय दिलाने के लिए सभी अधिवक्ताओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में अध्यक्ष संजय जायसवाल, सचिव नूतनसिंह ठाकुर, अशोक तिवारी, बीके शुक्ला, पूर्व अध्यक्ष गोपी कौशिक, भाजपा नेता प्रफुल्ल तिवारी एवं नरेंद्र पाटनवार मौजूद रहे। सचिव नूतनसिंह ठाकुर ने अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम की ओर मंत्री का ध्यान आकृष्ट कराया जिस पर श्री देवांगन ने उक्त मांग को भाजपा के घोषणा पत्र में होने की जानकारी देते हुए इसे विधानसभा में शीघ्र पेश करने का भरोसा दिया। कोरबा में जिला न्यायालय की स्थापना के दशकों बाद जिला अधिवक्ता संघ कोरबा के कार्यालय का शुभारंभ लखनलाल देवांगन ने किया इस अवसर पर अधिवक्ताओं की समस्याओं को दूर करने में हरसंभव प्रयास का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में पार्षद अब्दुल रहमान, पार्षद धनश्री साहु, वरिष्ठ अधिवक्ता मनोज राठौर, डी के अग्रवाल, महेंद्र चंदेल, सुरेश सिंह,अखिलेश पांडे, राजेन्द्र पांडे, संतू साहु, राजेन्द्र साहु, दीपक दुबे, राजकुमार अज्ञेय, मंगल देवांगन, मधु पांडे, सरिता पांडे, सहित अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी उपाध्यक्ष सुरेश शर्मा, महिला उपाध्यक्ष उत्तरा राठौर, कोषाध्यक्ष अमरनाथ कौशिक, सहसचिव के बी शांडिल्य, रवि भगत, कमलेश श्रीवास, क्रांति श्रीवास, सावित्री धांधी, विनोद साहु, जनक देवांगन, पोहर पांडे, सुरेश पटेल, रघुनंदन सिंह, गणेश कुलदीप, कल्पना पांडे, राजेश्वरी राठौर, मीनू त्रिवेदी , शबीना खातून, शबनम खान सहित सैकड़ों की संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।



फीता काटते कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन एवं अधिवक्तागण।

### टाइगर्स क्लब बालको द्वारा क्रिकेट टूर्नामेंट का किया गया आयोजन



**कोरबा।** बालको टाइगर्स टीम के द्वारा रामलीला मैदान बालको नगर में क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन 2 आयोजित किया जा रहा है। जिसमें खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने मुख्य अतिथि नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल को आमंत्रित किया गया। बालको टाइगर्स टीम की कमेटी से मैथ्यू, सुधीर, यहोसू, उमेश, अजय, यशवंत, कान्हा, आकाश, मेहता, प्रतीक आदि सदस्यों ने मुख्य अतिथि को खिलाड़ियों से मिलवाया जहां उन्होंने सभी को खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया। क्लब के द्वारा प्रतिवर्ष क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जाता है। जिसमें कोरबा जिले के विभिन्न क्षेत्रों की क्रिकेट टीमें भाग ले रही हैं। इस वर्ष आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट दो पालियों में खेला जा रहा है। प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए नगर पालिक निगम के नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल ने क्लब के आयोजकों को आयोजन के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नगर में इस तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन क्लब के द्वारा अपने स्तर पर किया जा रहा है। ऐसी प्रतियोगिताओं से नगर एवं अन्य क्षेत्र की प्रतिभाओं को सामने आने का अवसर मिलता है।

**खबर संक्षेप**

## हर जगह खुले मटन मार्केट, फैल रही गंदगी

**पुसौर।** नगर के खुली सडकों में बेखौफ मुर्गा मटन मछली के थोक एवं चिल्हर विक्रेता तमाम तरह की गंदगी फैलाकर वातावरण को प्रदूशित करने में लगे हैं। उल्लेखनीय है कि इस संबंध में तहसीलदार पुसौर को कई बार आवेदन देकर समुचित व्यवस्था करने निवेदन किया गया। इसी क्रम में नगर पंचायत पुसौर को भी वस्तु स्थिति से अवगत कराते हुए मांस मछली विक्रेताओं के लिए स्थल निर्धारित करने भी लिखित आवेदन दिया गया था और थाना पुसौर को भी कथित तौर पर न्यूसेंस फैलाने संबंधी षिकायत की गई थी। गौरतलब है कि छग सरकार ने नगर पंचायत पुसौर को आवश्यक कार्रवाई करने हेतु पत्र लिखा है लेकिन पुसौर प्रशासन की लापरवाही अब तक समझ से बाहर है जबकि नए वर्ष के स्वागत में मांस विक्रेता और भी माहौल खराब करेंगे ऐसे में तत्काल कार्रवाई अपेक्षित है।

## पुसौर तहसील में पीएम आवास का हाल बेहाल

**पुसौर।** एक तरफ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय पदभार ग्रहण करते ही वादे के मुताबिक किसानों को अप्रत्याशित लाभ पहुचाया वहीं मुख्यमंत्री ने बेघरों को घर देने का संकल्प पुरा करने पीएम आवास मुहैया कराने के लिए प्राथमिक तौर पर घोषणा की है जिससे हितग्राही काफी आशान्वित है बहरहाल पुसौर नगर पंचायत एवं जनपद पंचायत द्वारा पीएम आवास आबंटन के आंकडों पर गौर करें तो ऐसा नहीं लगता कि लक्ष्य की पूर्ति हो पाएगी। सूत्रों के मुताबिक नगर पंचायत पुसौर में 140 आवेदन लंबित हैं और 55 अप्रारंभ है जिसमें कुछ आवेदनों पर मीन मेक निकालते हुए जबरन रोका गया है। इसी तरह जनपद पंचायत पुसौर के 88 पंचायतों में भी पीएम आवास का हाल बेहाल है उल्लेखनीय है कि 10800 में से 1300 पेंडीग पडे हैं और 350 पीएम आवास स्वीकृति के बाद भी अप्रारंभ है जिस पर जिला प्रषासन भी मौन साधे हुए हैं।

## आंबा कार्यकर्ता पद के लिए 17 तक मंगाए गए आवेदन

**रायगढ़।** एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ शहरी अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र मधुबनपारा वार्ड क्रमांक 9 में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद रिक्त होने से उक्त पद पूर्ति हेतु 27 दिसम्बर से 17 जनवरी तक इच्छुक आवेदिकाओं से आवेदन पत्र मंगाए गए है। इच्छुक आवेदिका अपना आवेदन पत्र नियत तिथि तक परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ शहरी में जमा कर सकते है। नियुक्ति से संबंधित विस्तृत दिशा निर्देश व नियम शर्तो की जानकारी परियोजना कार्यालय के सूचना पटल पर अवलोकन कर सकते है

### सत्यापन के बाद व्यापारियों को नहीं मिलता प्रमाण पत्र, नापतौल विभाग का कारनामा

# नापतौल मशीनों का सत्यापनः पुरानी पर्ची देख रहे सुधारक, निरीक्षक रहते हैं नदारद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

विधिक माप विज्ञान विभाग में तौल मशीनों का सत्यापन करने के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति ही की जा रही है। तौल मशीनों का सत्यान करने के लिए शिविर लगाया जरूर जाता है, किंन्तु मशीनों का सत्यापन करने के दौरान न तो विभाग के निरीक्षक मौके पर होते हैं और ना ही सत्यापन करने के बाद व्यापारियों को प्रमाण पत्र दिया जाता है। बल्कि विभाग के सुधारक वहां मौजूद रह कर पुरानी पर्ची के आधार पर नई पर्ची बना देते हैं।

मंगलवार को बोइरदादर में तौल मशीनों का सत्यापन करने के लिए विभाग की ओर शिविर आयोजित किया गया था, जहां तौल मशीनों का सत्यापन व्यापारियों द्वारा लाई गई पुरानी पर्ची के आधार पर किया जा रहा था, वहीं इस शिविर में निरीक्षक भी मौजूद नहीं थे। अहम बात यह है कि विभागीय शिविर सुधारक के भरोसे ही किया जा रहा था। जब हरिभूमि की टीम ने वहां मौजूद एक व्यापारी से चर्चा की तो पता कि हर बार विभाग के सुधारक आते हैं और पुरानी पर्ची के आधार पर ही सत्यापन कर चले जाते हैं। वहीं उक्त व्यापारी ने बताया कि सत्यापन के प्रमाण केवल वह रसीद होता है जो सुधारक उन्हें काट कर देता है। इसके अलावा उन्हें आज तक कभी विभाग की ओर से सत्यापन प्रमाण पत्र नहीं दिया गया। अहम बात यह है कि अज्ञानता की वजह से व्यापारी भी शिविर में मौजूद सुधारको से सत्यापन प्रमाण पत्र की मांग नहीं करते। वहीं इसका फायदा सुधारक व विभाग के निरीक्षक उठाते है।



बोईरदादर में आयोजित शिविर में सत्यापन करने पहुंचे व्यापारी।

**सुधारक ले रहे शासकीय शुल्क**

विभागीय जानकारों की मानें तो सत्यापन शिविर निरीक्षक के नेतृत्व किए जाने का प्रावधान है, वहीं निरीक्षक द्वारा ही तौल मशीनों का सत्यापन होने के बाद उसका सत्यापन प्रमाण पत्र जारी करता है। इसके साथ ही निरीक्षक द्वारा ही शासकीय शुल्क लिया जाता है। जबकि यहां सुधारक निरीक्षक की अनुपस्थिति में बकायदा रसीद काट कर शासकीय शुल्क लेते दिखाई देते हैं।

### रसीद में प्रमाण पत्र का जिक्र

अहम बात यह है कि जो रसीद व्यापारियों को दी जाती है, उसमें बकायदा सत्यापन प्रमाण पत्र क्रमांक का जिक्र होता है। किन्तु जब व्यापारियों को दी जाने वाली रसीद में उस स्थान को ही रिक्त कर दिया जाता है और पुरानी रसीद के हिसाब से सत्यापन शुक्ल सहित अन्य शुल्क लिए जाते हैं।

### 125 फीसदी सत्यापन शुल्क

सुधारक द्वारा तौल मशीनों के सत्यापन के एवज में 125 फीसदी शुल्क लिया जाता है। वही प्रमाण पत्र के नाम पर नई रसीद दी जाती है। जबकि निरीक्षक को शिविर के दौरान ही प्रमाण पत्र देने का प्रावधान है, किंतु यहां नियमों को अनदेखा करते हुए कार्य किया जा रहा है।

## विकसित भारत के युवा थीम पर संबलपुरी में सात दिवसीय शिविर



**रायगढ़।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र रायगढ़ द्वारा संबलपुरी गांव में 23 से 29 दिसम्बर तक चलने वाले सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया। जिसका थीम था विकसित भारत के लिए युवा। सात दिवसीय शिविर के लिए महाविद्यालय द्वारा जिले में स्थित प्राथमिक शाला भवन संबलपुरी ग्राम पंचायत का चुनाव किया गया। शिविर के पहले दिन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित ग्राम पंचायत संबलपुरी सहोद्रा राठिया ने स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया।

श्रीमती सहोद्रा राठिया ने सभी स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा की विकसित राष्ट्र बनाने के लिए आप जैसे युवाओं का हर तरीके से प्रतिबद्ध रहना बहुत ज़रूरी है। उन्होंने कहा कि सात दिन तक आप सब लोग मिलकर गाँव में किसानों और विद्यालय में पढ़ रहे बच्चों हर प्रकार से जागरूक करेंगे। शिविर के पहले दिन सभी राष्ट्रीय स्वयं सेवकों को कार्यक्रम अधिकारी गंगा राम राठिया द्वारा राष्ट्रीय सेवा के लिए शपथ दिलाया गया और सात दिन खूब मेहनत करके अपना श्रमदान करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र के अधिष्ठाता डॉ.एके सिंह ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा की विकसित भारत के विकास हेतु हम सभी को पूरे कर्तव्य एवं निष्ठा के साथ अपनी भागीदारी और श्रमदान करना होगा। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा की इस सात दिवसीय विशेष शिविर से रोजाना कुछ नया सीखने का प्रयत्न करना होगा एवं गाँव के माहौल के साथ सामंजस्य बैठाना होगा।

# पीएम जनमन का उद्देश्य बिरहोर परिवारों को योजनाओं का लाभ दिलानाः कलेक्टर

**रायगढ़।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति बिरहोर परिवारों को पीएम जनमन योजना अंतर्गत केंद्रित कर शासन की योजनाओं से शत प्रतिशत लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। उक्त बातें कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने समय सीमा की बैठक में कही। उन्होंने कहा कि पीएम जनमन योजना का उद्देश्य बिरहोर परिवारों का चिन्हांकन कर शासन की योजनाओं का लाभ प्रदान कर उन्हें सामाजिक एवं आर्थिक रूप से सशक्त करना हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों को प्रभावी क्रियान्वयन हेतु निर्देशित किया। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि शासन की योजनाओं को बिरहोर परिवारों तक ले जाने शिविर लगाए जा रहे हैं संबंधित विभाग आपसी समन्वय कर बिरहोर परिवारों को योजनाओं से लाभान्वित करें। उन्होंने कहा कि सभी बिरहोर जनजाति परिवारों का आधार, जन्म प्रमाण पत्रए आवास आयुष्मान जैसी विभिन्न शासकीय योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ मिलना चाहिए।

- नक्शा बटांकन व राजस्व मामलों की तहसीलवार की समीक्षा, प्रगति लाने के दिए निर्देश


बैठक में उपस्थित अधिकारी व इनसेट में कलेक्टर कार्तिकेय गोयल।

कलेक्टर श्री गोयल ने पीएमजीएसवाय एवं खनिज विभाग से नदी रेत घाटों के समीप वाली सड़कों में कम ऊंचाई वाले बेरियर लगाने के संबंध में जानकारी ली। विभागीय अधिकारियों ने बताया की कम हाइट की बेरियर लगाई जा चुकी हैं जिससे हाईवा एवं बड़े माल वाहक वाहनों आदि को रोका जा सके। कलेक्टर श्री गोयल ने खनिज के अवैध उत्खनन एवं परिवहन को लेकर कार्यवाही की जानकारी लेने पर खनिज अधिकारी ने बताया की लगातार अवैध परिवहन पर कार्यवाही की जा रही हैं।

## लक्ष्य निर्धारण से ही लक्ष्य की प्राप्ति होती है

**सारंगढ़।** नशा मुक्त समाज के लिए युवा थीम को लेकर इन दिनों राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों का विशेष शिविर ग्रामीण अंचलों में संचालित है। ग्राम टांडीपार में आदर्श ज्योति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिन्द द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर में संयुक्त कलेक्टर प्रकाश भारद्वाज मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। संयुक्त कलेक्टर श्री भारद्वाज ने शिविर के बच्चों को कहा कि लक्ष्य निर्धारण से ही लक्ष्य की प्राप्ति होती है। उन्होंने शिविर के बच्चों को कैरियर गाइडेंस, लक्ष्य प्राप्ति और कुपोषण के संबंध में ज्ञान प्रदान किया। इस अवसर पर अतिथि शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सारंगढ़ के सहायक शिक्षक वीरेंद्र जोल्हे ने बच्चों को सफल होने और सफलता के बारे में जानकारी प्रदान कर उत्साहित किया।

# बिलासपुर के बाद छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस सीधे जाएगी कोरबा तक

**बिलासपुर।** अमृतसर से बिलासपुर आने के बाद मेंटनेंस के लिए छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस के रैक को रोका नहीं जाएगा। यह ट्रेन बिलासपुर में आने के बाद सीधे कोरबा के लिए रवाना हो जाएगी, जिससे अमृतसर से कोरबा तक यात्रियों को सीधी ट्रेन की सुविधा मिलेगी।जोनल रेलवे स्टेशन बिलासपुर से प्रतिदिन छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस कोरबा से बिलासपुर, रायपुर होते हुए अमृतसर के लिए रवाना की जाती है। अमृतसर से वापसी के दौरान छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस को बिलासपुर स्टेशन में रोककर मेंटनेंस के लिए कोचिंग डिपो भेज दिया जाता है, जो दूसरे दिन सुबह बिलासपुर से गेवरा लोकल बनकर निकलती है। अमृतसर से बिलासपुर तक छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस के रूकने से चांपा और कोरबा वाले यात्रियों को दूसरी ट्रेन से सफर करना पड़ता है, जिसकी वजह से वे परेशान होते हैं। कोरबा के यात्रियों ने अमृतसर से बिलासपुर आकर रूकने वाली छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस का स्टापेज कोरबा स्टेशन तक करने मांग की, लेकिन उनकी मांगों को दरकिनार कर दिया गया। जनप्रतिनिधियों की मांग और रेलवे बोर्ड के आदेश पर बुधवार को बिलासपुर रेल मंडल में सभी विभाग के अधिकारियों की बैठक रखी गई। इसमें मंडल रेल प्रबंधक प्रवीण पाण्डेय ने यात्रियों की मांग व सुविधा को देखते हुए कोरबा, चांपा, जांजगीर क्षेत्र के यात्रियों को अमृतसर से कोरबा तक सीधी यात्रा सुविधा सुनिश्चित करने अमृतसर-बिलासपुर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस का विस्तार कोरबा तक करने का निर्णय लिया गया।

- अमृतसर से कोरबा तक यात्रियों को मिलेगी सीधी ट्रेन सुविधा

### चलेगी चिरमिरी-अनूपपुर रेल खंड पर मेमू

इसी तरह चिरमिरी- मनेंद्रगढ़ क्षेत्र से दिल्ली, हावड़ा, मुंबई तथा अन्य दिशाओं में यात्रा करने वाले यात्रियों की सुगम यात्रा सुविधा हेतु अनूपपुर से कनेक्टिंग गाड़ियों की पकड़ सुनिश्चित करने के लिए चिरमिरी-अनूपपुर रेल खंड में अतिरिक्त मेमू ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया, जिससे कि सभी यात्रियों की अनूपपुर पहुंच आसान हो, जहां से उन्हे अन्य मार्ग में यात्रा करने के लिए कनेक्टिंग गाड़ी की सुविधा प्राप्त हो।

### लिए गए अन्य निर्णय

रायपुर-कोरबा-रायपुर हसदेव एक्सप्रेस में अतिरिक्त कोचों का प्रावधान करने का निर्णय लिया गया, जिससे अधिकाधिक यात्री बैठकर सहज व सुविधापूर्वक यात्रा कर सकेंगे। कोरबा से रायगढ़ के मध्य सीधी ट्रेन चलाई जाएगी, जिससे कोरबा के यात्रियों को बिना गाड़ी बदले रायगढ़ तक सीधी रेल सेवा प्राप्त हो सके। इससे उनकी रायगढ़ तक सीधी यात्रा कम समय में पूरी होगी। वर्तमान में कोरबा से रायगढ़ जाने वाले यात्रियों को चांपा स्टेशन में गाड़ी बदलकर जाना पड़ता है। पारंपरिक पैसेंजर रैक को यथाशीघ्र तेज गति से चलने वाली मेमू रैक में बदला जाएगा, जिससे गाड़ी त्वरित गति से परिचालित होगी तथा यात्री सही समय पर अपने गंतव्य तक पहुंचेंगे और गाड़ियों की समयबद्धता भी बढ़ेगी।

# एसडीएम जैन ने किया धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

जिले के सारंगढ़ एसडीएम वासु जैन ने बरमकेला क्षेत्र के धान खरीदी केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। केंद्रों में श्री जैन ने नमी मापक यंत्र में किसानों के धानो की नमी जांच की और समिति प्रबंधक से टोकन, धान की खरीदी आवक और धान के खाद्य विभाग द्वारा धान उठाव जावक की जानकारी लिया। एसडीएम जैन ने किसानों से चर्चा कर कहा कि किसानों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी या असुविधा हो तो मुझे अवगत कराएं। किसानों की मांग पर एसडीएम ने प्रबंधक को तत्काल समय पर तोल करने के निर्देश दिए। एक किसान ने एसडीएम से मोबाईल नंबर मांगा, तब एसडीएम ने सहज व्यवहार से किसान को अपना मोबाइल नंबर दिया। श्री जैन नेबरमकेला क्षेत्र के ओडिशा राज्य से जुड़े सीमावर्ती क्षेत्र बड़े नावापारा, बिरनीपाली का निरीक्षण किया। इस अवसर पर खाद्य अधिकारी चित्रकांत ध्रुव, सहायक पंजीयक सहकारिता व्यास नारायण साहू और तहसीलदार आयुष तिवारी उपस्थित थे।

# नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**रायगढ़।** लैलूंगा थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासी नाबालिग बालिका से प्रेम का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के विरुद्ध पोक्सो एक्ट व दुष्कर्म की धारा के तहत अपराध दर्ज किया गया है। फिलहाल आरोपी को रिमांड पर भेजा गया है। बीते दिनों एक नाबालिग बालिका ने अपने परिजनों के साथ थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि ग्राम मोहनपुर में रहने वाले युवक शिवकुमार श्रीवास के विरूद्ध प्रेम जाल में फंसाकर शादी करने की बात कहकर घर से भगा ले जाकर शारीरिक शोषण करने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। पुलिस ने आरोपित पर अपहरण, दुष्कर्म एवं पोक्सो एक्ट की सुसंगत धाराओं पर अपराध कायम कर उसे गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। घटना के संबंध में पीड़ति बालिका द्वारा महिला पुलिस अधिकारी को दिए अपने बयान में बतायी कि मई 2023 में उसके रिस्तेदार के शादी में समारोह में शिवकुमार श्रीवास निवासी मोहनपुर के साथ परिचय हुआ, तब से दोनों मोबाइल पर बातचीत करते थे। शिव कुमार ने नाबालिग से पहले प्रेम संबंध बनाया, फिर अक्टूबर 2023 को लड़की के गांव नाटक देखने आया, और उसी रात लड़की को शादी करने की बात कहकर घर से भगा कर ले गया। उसके साथ दुष्कर्म किया। यह सिलसिला 2 माह तक चलता रहा। अब शिव कुमार बालिका के साथ झगड़ा विवाद मारपीट कर उसे 22 दिसंबर की रात घर से निकाल दिया। लड़की ने अपने घर परिवार में इसकी जानकारी दी और कल थाने में आकर रिपोर्ट दर्ज करयी। थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक मोहन भारद्वाज द्वारा पीड़ति और उसके परिजनों से सहमति प्राप्त कर बालिका का मेडिकल कराने महिला स्टाफ अस्पताल रवाना कर अपने स्टाफ के साथ आरोपी की गिरफ्तारी के लिए ग्राम मोहनपुर में दबिश देकर आरोपी युवक शिव कुमार श्रीवास को हिरासत में लेकर थाना लाया गया जिसे अपहरण, दुष्कर्म एवं पोक्सो एक्ट के गंभीर अपराध में गिरफ्तार कर उसके परिजनों को गिरफ्तारी की सूचना देकर कोर्ट पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया है। एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के सतत पर्यवेक्षण एवं मार्गदर्शन पर मामले में 24 घंटे के भीतर ही अपराध कायम के साथ पुलिस ने आरोपी की पतासाजी कर गिरफ्तार किया गया।



## अष्टप्रहरी यज्ञ नगर भ्रमण व महाभण्डारा



**तमनार।** तमनार के राधे कृष्ण महाराज आश्रम में अष्टपहरी नाम यज्ञ कर्यक्रम 23 दिसम्बर से विशाल कलश यात्रा 24 को नाम संकीर्तन प्रारम्भ एवं 25 दिसम्बर नगर भ्रमण दही भजन महाभण्डारा सम्पन्न हुआ। अष्टप्रहरी कार्यक्रम श्री राधे संकीर्तन मण्डली समस्त ग्रामवासी तमनार द्वारा हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे। मंत्रोपचार के साथ विभिन आधुनिक धुनों में तमनार, बुडिया, आमापाली, बासनपाली, झींकाबहाल, चिकलापाली अन्य कीर्तन पार्टियों द्वारा गायन वादन किया गया। गांव में नगर भ्रमण में द्वार द्वार कलश सजाकर आरती की गई। दही भंजन तत्पश्चात महा भंडारे का आयोजन किया गया जिसमे आस पास के गांव से आए सभी कीर्तन मंडली व समस्त ग्राम वासी एक साथ हजारो श्रद्धालु भक्तगणो द्वारा महा प्रसाद ग्रहण किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से ग्राम प्रमुख अश्वनी पटनायक, सरपंच गुलापी सिदार, उप सरपंच जयंत पटनायक आदि उपस्थित थे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### साय ने जिले को ...

सड़क विकास अभि. जशपुर के 01 कार्य, अक्षय ऊर्जा विभाग के 02 कार्य, नगर पंचायत कुनकुरी के 01 कार्य, लोक निर्माण विभाग के 01 कार्य और आदिवासी विकास विभाग के 01 कार्य शामिल हैं। विधानसभा क्षेत्र पत्थलगांव अंतर्गत पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के 03 कार्य, कृषि विभाग के 02 कार्य, अक्षय ऊर्जा विभाग के 02 कार्य एवं नगर पंचायत पत्थलगांव के 01 कार्य शामिल हैं। भूमिपूजन के विधानसभा क्षेत्र जशपुर अंतर्गत पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के 05 कार्य, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग जशपुर के 01 कार्य, जल संसाधन विभाग के 03 कार्य, नगर पंचायत बगीचा के 10 कार्य, लोक निर्माण विभाग के 04 कार्य, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के 01, आदिवासी विकास विभाग के 02 और छग गृह निर्माण मण्डल के 01 कार्य शामिल हैं। विधानसभा क्षेत्र कुनकुरी अंतर्गत अक्षय ऊर्जा के 01 कार्य, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी के 66 कार्य, लोक निर्माण विभाग के 01 कार्य, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के 04 कार्य और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के 03 कार्य शामिल है। विधानसभा क्षेत्र पत्थलगांव अंतर्गत कृषि विभाग के 01 कार्य, अक्षय ऊर्जा विभाग के 01 कार्य, नगर पंचायत पत्थलगांव के 13 कार्य, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के 01 कार्य शामिल हैं।





